स्टेशन डाइरेक्टरों के पदों के लिए सीधी भर्ती

4795. **श्री टी० एस० नेगी :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1976 में आकाशवाणी के असिस्टेंट स्टेशन डायरेक्टरों को विधागीय तौर पर स्टेशन डायरेक्टरों के पदों पर पदोन्नत किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो कितने असिस्टेंट डायरेक्टरों को साक्षात्कार के लिए बुलाया था और उनमें से कितने व्यक्तियों का चयन किया गया था ;

(ग) क्या यह सच है कि आधे से अधिक व्यक्तियों को स्टेशन डायरेक्टर के रूप में पदोन्नत कर दिया गया था यद्यपि उनमें से कुछ ने दो वर्ष तक भी असिस्टेंट स्टेशन डायरेक्टर के रूप में कार्य नहीं किया था ; और

(घ) क्या विभाग का विचार भर्ती नियमों में परिवर्तन करके सीधी भर्ती का कोटा बढ़ाने का है जिससे अर्हता प्राप्त व्यक्तियों का चयन किया जा सके ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग). वर्तमान भर्ती नियमों के अनुसार, केन्द्र निदेशक 75 प्रतिशत पद पदोन्नति द्वारा निम्नानुसार भरे जाते हैं :—

"(1) वे सहायक केन्द्र निदेशक जिनकी ग्रेड में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद 5 वर्ष की सेवा हो ।

(2) उपर्युक्त (1) के न हो सकने पर सहायक केन्द्र निदेशक और प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव के ग्रेडों के वे अधिकारी जिनकी इन ग्रेडों में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद कुल मिलाकर 10 वर्ष की सेवा हो ।

(3) उपर्युक्त (1) और (2) के न हो सकने पर, वे अधिकारी जिनकी प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव के रुप में सामान्य ग्रेड में या सलेक्शन ग्रेड में या दोनों ग्रेडों में 10 वर्ष की सेवा हो "।

उक्त (2) के अनुसार, 69 सहायक केन्द्र निदेशकों को इण्टरव्यू के लिए बुलाया गया था जिनमें से 11 उपस्थित नहीं हुए थे । 42 सहायक केन्द्र निदेशकों का आकाशवाणी के केन्द्र निदेशक (सामान्य ग्रेड) के रूप में पदोन्नति के लिए चयन किया गया था। इनकी संख्या, जिन व्यक्तियों का इंटरव्यू किया गया, उसकी कुल संख्या अर्थात, 58 के आधे से अधिक थी। चयन भर्ती नियमों के अनुसार तथा संघ लोक सेवा आयोग के एक सदस्य की अध्यक्षता में गठित विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिश पर किया गया था । पदोन्नति के लिए चुने गए कुछ व्यक्तियों ने सहायक केन्द्र निदेशक के रुप में दो वर्ष से कम काम किया था ।

(घ) आकाशवाणी के केन्द्र निदेशक (सामान्य ग्रेड) के पदों के लिए सीधी भर्ती का कोटा बढ़ाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है ।